**D**

SL. No. : U

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 58 ]
Total No. of Questions : 58 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**CCE PR**
**UNREVISED**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2019 ] [ Date : 28. 06. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 58 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $9 \times 1 = 9$

1. रवींद्रनाथ ठाकुर के पिता कौन थे ?
2. महादेवीजी को किस कारण से अस्पताल में रहना पड़ा ?
3. कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ?
4. सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से क्या होता ?
5. 'अभिनव मनुष्य' कविता में किसका विश्लेषण हुआ है ?
6. यशोदा गोधन की कसम क्यों खाती है ?
7. रवींद्रनाथजी का परिवार समस्त बंगाल में किस कारण प्रसिद्ध था ?
8. सबके मनोरथ कैसे पूर्ण होते हैं ?
9. कृष्ण को देखकर ग्वाल-बाल कैसे हँसते हैं ?

II. 10. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

| 'क' | | 'ख' | |
|---|---|---|---|
| अ) | शांति निकेतन का आशय | i) | आदर्श अस्पताल का निर्माण |
| आ) | साहनीजी का बचपन | ii) | पाठशाला का निर्माण |
| इ) | तिम्मक्का का संकल्प | iii) | विश्वभारती |
| ई) | बालकृष्ण | iv) | कौशल की अभिव्यक्ति |
| उ) | मातृभूमि | v) | खुशियों से भरा |
| | | vi) | भोला-भाला |
| | | vii) | अंधेरी गुफा जैसी |
| | | viii) | देशप्रेम का संदेश । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

11. काबुलीवाला : कहानी संग्रह : : गीतांजलि : ......................

12. इंटरनेट पैरसी : हानि : : इंटरनेट बैंकिंग : ......................

13. तिम्मक्का के पिता : चिक्करंगय्या : : तिम्मक्का के पति : ......................

14. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : ....................

15. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : ...................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28

16. ई-गवर्नेंस क्या है ?

17. महादेवीजी को गिल्लू कैसे चौंकाता था ?

18. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन से हैं ?

19. साहनीजी ने किस उद्देश्य से खादी पहनना शुरू किया ?

20. परसाईजी ने मंत्री को क्या समझाया ?

21. तिम्मक्का दंपति के धार्मिक कार्यों का परिचय दीजिए ।

22. भारतमाता के स्वरूप का वर्णन कीजिए ।

23. तुलसीदासजी के अनुसार मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है ?

24. कृष्ण माता यशोदा से क्या शिकायत करता है ?

25. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

26. बाध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं ?

27. मातृभूमि के खेत और वन-उपवन कैसे हैं ?

28. शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । क्यों ?

**अथवा**

शनि ग्रह का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

29. जीवन में समय का क्या महत्व है ?

**अथवा**

सत्य की महिमा कैसी है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

30. भिखारी को बालक पर दया क्यों आई ?

31. डॉ० कंबारजी को लोक साहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?

32. आधुनिक मानव का विश्लेषण दिनकरजी कैसे करते हैं ?

33. महादेवी जी के अनुसार कौआ एक विचित्र पक्षी है । कैसे ?

34. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।

    पालै-पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

35. पं० राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

विमल .................................................

.........................................................

.........................................................

............................................... रही है ।

**अथवा**

दया .................................................. ।

............................................. में प्राण ।।

## खण्ड - ख

## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए लिखिए : $10 \times 1 = 10$

37. 'परमेश्वर' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृद्धि (D) यण् ।

38. 'नीलकण्ठ' शब्द में समास है –

(A) बहुव्रीही (B) द्विगु

(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष ।

39. 'निराशा' का विलोम शब्द है –

(A) विश्वास (B) इच्छाएँ

(C) विनाश (D) आशा ।

40. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है –

(A) माता (B) नानी

(C) कवि (D) बहन ।

41. रवीन्द्रनाथ ठाकुर ................. जन्म कोलकाता में हुआ ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा –

(A) का (B) की

(C) में (D) को ।

42. 'गमला' शब्द का बहुवचन है –

(A) गमलों (B) गमले

(C) गमला (D) गमलायें ।

43. इसका अर्थ क्या है

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा –

(A) पूर्ण विराम (B) योजक चिह्न

(C) प्रश्न चिह्न (D) अर्ध विराम ।

44. 'सुनना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –

(A) सुनवाना (B) सुनवाइ

(C) सुना (D) सुनाना ।

45. 'बाल-बाल बचना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बाल काटना (B) खतरे से बच जाना

(C) खतरे में पड़ना (D) बाल बनाना ।

46. 'विपुल' शब्द का समानार्थी शब्द है –

(A) कम (B) विपु

(C) बहुत (D) मात्रा ।

## खण्ड - ग

## ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

भारतवर्ष में अति प्राचीन काल से ही नीम की निर्मल एवं निरोग शक्ति को पहचान लिया गया था । इसलिए पूर्वजों ने नीम में 'दैवी शक्ति' का वास मानकर नीम वृक्ष की 'शीतलादेवी' के रूप में पूजा-उपासना प्रारंभ की थी, क्योंकि नीम का स्वभाव शीतल एवं प्रभावी रोग-विनाशक होने के साथ ही वायु को भी शुद्ध एवं निरोगता प्रदान करनेवाला है । नीम की दातौन का महत्व तो इस कोलगेट और पैप्सोडैंट इत्यादि के जमाने में भी अक्षुण्ण है । नीम की लकड़ी, छाल, गोंद, फल, फूल इत्यादि सभी हमारे लिए रोग विनाशक, आरोग्यवर्धक एवं उपयोगी हैं । इसकी शक्ति एवं संपर्क से वायु तो शुद्ध होती ही है, अच्छी वर्षा के होने में भी नीम का योगदान कम नहीं है । जहाँ नीम की बहुलता होती है, वहाँ पर्यावरण शुद्धि के साथ आरोग्यता का भी वास होता है ।

47. पूर्वजों ने नोम वृक्ष में दैवी शक्ति का वास क्यों माना था ?

48. नीम का स्वभाव कैसा है ?

49. नीम के सभी भाग उपयोगी हैं । कैसे ?

50. पर्यावरण के लिए नीम का क्या महत्व है ?

51. नीम में शीतलादेवी का वास क्यों मानते हैं ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

52. इटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं ।

53. ईमानदारी एक दुर्लभ गुण है ।

54. मैसूर का राजमहल अत्यंत सुंदर है ।

55. भगवान सबकी सहायता करता है ।

56. मेरे पास बहुत से पशु-पक्षी हैं ।

X. 57. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए । 1 × 5 = 5

**अथवा**

स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण दो दिनों की छुट्टी के लिए कक्षाध्यापक जी को पत्र लिखिए ।

XI. 58. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए :

1 × 5 = 5

क) जनसंख्या की समस्या

* प्रस्तावना
* वृद्धि के कारण
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) राष्ट्रीय त्यौहार

* प्रस्तावना
* महत्व
* आवश्यकता
* उपसंहार ।

ग) इंटरनेट से लाभ

* प्रस्तावना
* अर्थ
* उपयोग
* उपसंहार ।